# स्वीडन से मिला 15 हजार करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव

## रिटेल स्टोर्स, मॉल और फिल्म सिटी में निवेश को इच्छुक हैं कंपनियां

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। स्वीडन में रोड शो करने गए औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी और पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद को स्टॉकहोम में 15 हजार करोड़ से अधिक का निवेश प्रस्ताव मिला है। स्वीडन की प्रमुख कंपनी आईएनजीकेए की ओर से यूपी में रिटेल स्टोर्स, लग्जरी मॉल और निर्माण कंपनी सरनेके ने यूपी फिल्म सिटी में दस हजार करोड़ का निवेश करने का प्रस्ताव दिया है।

आईएनजीकेए के जैन क्रिस्टेंसन और जैन क्रेलिना ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान रिटेल स्टोर्स और लग्जरी मॉल्स की श्रृंखला के विस्तार के लिए 4300 करोड़ रुपये के निवेश पर चर्चा हुई। लक्जमबर्ग स्थित बोसोन एनर्जी ने स्टॉकहोम रोड शो में उत्तर प्रदेश में अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन की परियोजना स्थापित करने के लिए 1000 करोड़ रुपये का निवेश पर बात की है। स्टॉकहोम में रोड शो के दौरान आयोजित विभिन्न बैठकों में रक्षा, कपड़ा और वस्त्र, खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा, अपशिष्ट और जल प्रबंधन, और परिवहन सहित क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर चर्चा की गई।

**निवेश के लिए उचित जगह यूपी** : स्वीडन में भारत के राजदूत तन्मय लाल ने कहा कि यूपी निवेश के अनंत अवसरों के साथ भारत में नए निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है। स्वीडिश निवेशकों से भारत में अपने निवेश गंतव्य के रूप में यूपी को चुनने का आग्रह किया।

### 1000 करोड़ से अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन की परियोजना स्थापित करने पर ही हुई बात



डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना के विदेश मंत्री सैनटियागो कैफिरो और भारतीय राजदूत दिनेश भाटिया से मुलाकात की और जीआईएस के लिए आमंत्रित किया। - विज्ञप्ति

### अर्जेंटीना के उद्यमियों को किया निवेश के लिए आमंत्रित

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अर्जेंटीना चेंबर ऑफ कॉमर्स फॉर एशिया पैसेफिक के प्रतिनिधियों से की मुलाकात की। उन्होंने उद्यमियों को यूपी में खाद्य प्रसंस्करण और आईटी के क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया है। अर्जेंटीना में उद्यमियों एवं व्यावसायिक संस्थानों के प्रतिनिधियों से मुलाकात में पाठक ने कहा कि यूपी में व्यापार की असीम संभावनाएं हैं। उद्यमियों से मुलाकात करते हुए ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में आने का निमंत्रण दिया और विभिन्न सेक्टरों में निवेश के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने सौ देशों में कारोबार व 45 देशों में खाद्य उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग यूनिटों का संचालन कर रही दिग्गज लैटिन अमेरिकी कंपनी आर्कोर के प्रतिनिधियों से यूपी में निवेश के लिए आग्रह किया। आईटी सेक्टर से जुड़ी कंपनी ग्लोबानेट एवं कृषि से जुड़ी क्रेसुड से यूपी में इन्वेस्टमेंट और अन्य महत्वपूर्ण व्यापारिक मुद्दों को लेकर विचार साझा किए।



औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी व पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने स्वीडन में रक्षा उपकरण निर्माता कंपनी साब के मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने गुस्ताफ हथियार प्रणाली पर भी हाथ आजमाया। - विज्ञप्ति

### साब यूपी में लगाएगी रक्षा उपकरण कारखाना

विश्व की प्रमुख एयरक्राफ्ट और रक्षा उपकरण निर्माता कंपनी साब यूपी में भी निर्माण की यूनिट स्थापित करेगी। औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी और पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को स्वीडन में साब के मुख्यालय में उनके प्रमुख अधिकारियों से मुलाकात की। सरकार ने उन्हें डिफेंस कॉरिडोर के अलीगढ़ नोड में प्लांट के लिए जमीन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा है।

### ■ आशीष पटेल ने इजो कॉर्पोरेशन को निवेश प्रस्ताव दिया

प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने बुधवार को जापान में वहां की प्रमुख कंपनी इजो कॉर्पोरेशन को यूपी में स्वास्थ्य सेवाओं और एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट की यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। पटेल ने इजो के प्रमुख अधिकारियों से मुलाकात की। उनके साथ मुख्यमंत्री के सलाहकार जीएन सिंह भी मौजूद थे।